7.1.9 Sensitization of students and employees of the Institution to the constitutional obligations: values, rights, duties and responsibilities of citizens.

छात्रों ने स्वच्छ भारत अभियान पर रखे विचार

राष्ट्रीय एकता दिवस पर कार्यक्रम में वक्ता नेहा, अंजलि, लीला को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया

संवाद न्यूज एजेंसी

चंबा। राजकीय महाविद्यालय चंबा में नेहरू युवा केंद्र और महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय एकता दिवस, स्वच्छ भारत अभियान और राष्ट्रीय सतर्कता सप्ताह पर कार्यक्रम करवाया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रोफेसर परविंद्र कुमार मुख्यातिथि और डॉ. मनेश विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर अविनाश ने कहा कि 31 अक्तूबर को भारत के लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती को पूरे भारत में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम में सभी को शपथ दिलवाई गई। इसके अलावा स्वच्छ भारत अभियान 2.0 का औपचारिक समापन भी किया गया। कार्यक्रम में सतर्कता सप्ताह के तहत भी कार्यक्रम हुआ। एनएसएस के स्वयंसेवियों में नेहा शर्मा, लीला कुमारी, जायत्री और अंजलि कुमारी ने सरदार बल्लभ भाई पटेल की जीवनी, स्वच्छ भारत अभियान, सतर्कता के विषय पर अपने विचारों से सभी को अभिभूत किया। इसके बाद मुख्यातिथि ने अपने संबोधन में राष्ट्रीय एकता दिवस और स्वच्छ भारत अभियान के बारे में अपने विचारों से सभी को अभिसिंचित किया।

उन्होंने एनएसएस और नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवियों को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने लगातार एक महीने तक महाविद्यालय परिसर से लेकर गांव-गांव तक स्वच्छता का संदेश दिया। काफी मात्रा पॉलिथीन और प्लास्टिक एकत्रित किया। इसके

चंबा कॉलेज में राष्ट्रीय एकता दिवस पर वक्ताओं को सम्मानित करते डॉ. मनेश वर्मा। -संवाद

अलावा स्वयंसेवियों ने प्राकृतिक जल स्रोतों की भी सफाई की गई। मुख्य अतिथि ने वक्ताओं में नेहा शर्मा, लीला, अंजलि, जायत्री और अतिथियों में डॉ. मनेश, डॉ. जायसी, डॉ. उपेंद्र, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर अविनाश, प्रोफेसर निशा को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

राष्ट्रीय एकता

छात्रों को निरोग रहने के दिए टिप्स

चंबा। डिग्री कालेज चंबा में शुक्रवार को योग और ध्यान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में हठ योग, योग निद्रा, प्राणायाम, ध्यान तथा कुंडलिनी जागरण के जरिए स्टाफ सदस्यों व छात्रों को निरोग रहने का अभ्यास करवाया। शिविर में कालेज प्राचार्य डा. शिवदयाल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने दीप प्रज्वलित करके शिविर का विधिवत तरीके से शुभारंभ किया। डा. शिवदयाल ने कहा कि योग हमारे जीवन में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इससे हम तन और मन को स्वच्छ रख सकते हैं। उन्होंने योग से संबंधित जानकारी भी सांझा की। उन्होंने कहा कि यह कालेज में पहला ऐसा योग शिविर है, जिसमें योग और ध्यान सिखाया गया। उन्होंने सफल आयोजन के लिए आयोजन समिति एवं विशेषकर प्रो. अनित को बधाई दी। शिविर के आयोजक प्रो. अनित ने हठयोग, योग निद्रा, प्राणायाम, ध्यान तथा कुंडलिनी जागरण का अभ्यास करवाया। उन्होंने कहा कि शक्ति से शिव, आत्मा से परमात्मा और प्राण ऊर्जा, शरीर और मन का परम तत्व में विलीन हो जाना ही योग है, जिसे योग और ध्यान की विभिन्न क्रियाओं से अनुभव किया जा सकता है। शिविर में बतौर मंच संचालन की भूमिका में डा. संतोष कुमार रहे। शिविर में कालेज के समस्त स्टाफ और छात्रों ने भाग लिया।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

राष्ट्रीय मतदाता दिवस

संविधान दिवस

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

विश्व एड्स दिवस

विश्व एड्स दिवस

योग दिवस

GOVERNMENT COLLEGE CHAMBA
SPACE GENESIS SOCIETY
in association with
Red Ribbon Club
Celebrating
International Women's Day 2021
8th March, 2021
Multipurpose Hall
12:30 to 01:30 PM
STRONG WOMEN; STRONG WORLD.